**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## हर्बल गुलाल बनाने हेतु तीन–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

विश्वविद्यालय में भारत का अमृत महोत्सव के तहत चलाए जा रहे न्यूट्री स्मार्ट विलेज कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के ए.आई.सी.आर.पी. डब्ल्यू.आई.ए. द्वारा भीमताल ब्लॉक के बेलुवाखान ग्राम सभा में कृषक महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु हर्बल गुलाल बनाने का तीन–दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 22 कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में पालक, चुकंदर, गेंदे के फूल और अरारोट से हरे, लाल और पीले हर्बल गुलाल तैयार किया गये। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार गुलाल को 50 ग्राम के छोटे पैकेट में पैक किया गया। किसान मेले में गुलाल की जमकर बिक्री हुई। सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्राप्ति हेतु प्रमाण–पत्र दिए गये। यह प्रशिक्षण डा. दीपा विनय, डा. सुनीता शर्मा, डा. बीनू सिंह, डा. दीपा जोशी, डा. सोनिया तिवारी एवं संग्या सिंह द्वारा दिया गया।



*प्रशिक्षण कार्यक्रम में हर्बल गुलाल बनाती महिलाएं।*